卐 श्री सदगुरु देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 204 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦1 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## तलाक के लिए छह महीने का इंतजार जरूरी नहीं:सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा कि शादी अगर टूटने की कगार पर है तो वह अपनी तरफ से तलाक का आदेश दे सकती है। पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली विशेष शक्ति का इस्तेमाल कर अदालत यह आदेश दे सकती है। न्यायमूर्ति एस के कौल की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने सोमवार को कहा कि शीर्ष अदालत को संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत पूरा न्याय करने का अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि वह अनुच्छेद 143 के तहत दी गई विशेष शक्ति का उपयोग करके पति पत्नी की आपसी सहमति से उनकी शादी को खत्म कर सकता है। पीठ ने कहा कि दंपति को रिश्ता समाप्त करने के लिए अब 6 महीने इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बता दें, संविधान का अनुच्छेद 142 शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित किसी मामले में 'संपूर्ण न्याय' करने के लिए उसके आदेशों के क्रियान्वयन से संबंधित है। पांच न्यायाधीशों वाली (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार नदी में गिरी, फार्मासिस्ट की मौत



भवाली(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर हल्द्वानी से लौट रहे फार्मासिस्ट की कार दोपांखी क्षेत्र से शिप्रा नदी क्षेत्र में जा गिरी। हादसे में फार्मासिस्ट की मौत हो गई। रविवार रात को हुई दुर्घटना का पता स्थानीय लोगों को सोमवार सुबह लगा। रात भर खोजबीन में जुटे स्वजनों को भी सूचना भेजी गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेज दिया है। खजांची मोहल्ला अल्मोड़ा निवासी 47 वर्षीय कमल कुमार वर्मा पुत्र विशंभर लाल वर्मा गढ़ाई, गंगोली ,गंगोलीहाट में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात थे। रविवार को वह हल्द्वानी से अपनी कार यूके 04 एम 1313 से वापस अल्मोड़ा की ओर लौट रहे थे। रात लगभग आठ बजे के आसपास पत्नी ममता ने दूरभाष पर उनसे बात की तब कमल ने भवाली तक पहुंचने की बात बताई। दोबारा संपर्क साधने पर कमल से कोई संपर्क नहीं हो सका तो परिवार के लोग चिंतित हो उठे। अनहोनी की आशंका पर परिवारजनों ने खोजबीन शुरू की गई औरतलाश में भवाली तक पहुंच गए पर कुछ पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह दोपांखी क्षेत्र में रहने वाले शिक्षक (शेष पृष्ठ सात पर)

## गौ मांस तस्करी के खिलाफ गौ रक्षा दल ने उठाई आवाज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गौमांस की तस्करी के खिलाफ गौ रक्षा दल ने आवाज उठाते हुए इस पर सख्ती से अंकुश लगाने की मांग की है। संगठन के लोगों



ने इस सम्बंध में एसपी सिटी को ज्ञापन भी सौंपा। एसपी सिटी मनोज कत्याल को ज्ञापन सौंपते हुए गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि किच्छा क्षेत्र में खुले फ्रोजन प्लांट में भैंस के नाम पर गौकशी हो रही है, इसे जल्द से (शेष पृष्ठ सात पर)

## बोलेरो खाई में गिरने से सात पर्यटक घायल



देहरादून (उद ब्यूरो)। श्रीनगर गढ़वाल में सोमवार सुबह गुजरात के पर्यटकों की कार हादसे का शिकार हो गई। कीर्ति नगर के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई की तरफ गिर गई। हादसे में कार में सवार सात यात्री घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब दस बजे पुलिस को हादसे की सूचना मिली। बताया जा रहा है कि यात्री सोनप्रयाग व रूद्रप्रयाग से ऋषिकेश की ओर जा रहे थे। तीव्र मोड होने के कारण बुलेरो संख्या यूके 13टीए 1255 अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 20 मीटर नीचे जा गिरी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन में से सवार सभी लोगों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की सहायता से श्रीनगर बेस अस्पताल पहुंचाया। घायलों में आरोही हॉस्पिटल उमरेठ जिला आनंद गुजरात निवासी 26 वर्षीय केयूर प्रजापति पुत्र नवीन भाई प्रजापति , 25 वर्षीय रुचि पत्नी केयूर प्रजापति, 39 वर्षीय सुनील चावड़ा पुत्र विनोद राम, 2 वर्षीय मानव चावड़ा पुत्र सुनील चावड़ा , 32वर्षीय दीक्षा चावड़ा पुत्री सुनील चावड़ा, 8 वर्षीय आरोही चावड़ा पुत्री सुनील चावड़ा के अलावा बड़ासू गुप्ताकाशी निवासी चालक 35 वर्षीय संदीप पुत्र सूरज सिंह शामिल हैं।

## फैक्ट्री से लाखों का सामान चोरी

रूद्रपुर। अज्ञात चोरों ने बंद फैक्ट्री से लाखों रूपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। अनिल सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी शिमला पिस्तौर रूद्रपुर ने कहा है कि उसकी फैक्ट्री बालाजी इंजीनियरिंग वर्क्स 529 खसरा नंबर में शिमला बहादुर किच्छा रोड पर स्थित है ।जहां उत्पादन काफी दिनों से बंद है। उनका कहना है फैक्ट्री में विगत कई दिनों से अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की जा रही है । जिसमें हमारी प्रेस 200 टी, 500 टी, 30टी मशीन व उसके पार्ट, स्टाक मैटेरियल इत्यादि की चोरी हो गया है। पुलिस ने रपट दर्ज कर आस पास सीसीटीवी की फुटेज देखी और मामले की जांच शुरू कर दी।

## इंटरार्क श्रमिकों के समर्थन में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

### समझौता लागू नहीं होने पर सात मई को जिलाधिकारी आवास तक विशाल पदयात्रा निकालने का ऐलान



रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।जिला प्रशासन की मध्यस्थता में इंटरार्क कंपनी प्रबंधन व यूनियन प्रतिनिधियों के मध्य हुए समझौते के उल्लंघन के खिलाफ श्रमिकों के परिवार की महिलाओं ने मई दिवस पर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया समझौता लागू करने की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। श्रमिकों ने मांगें पूर्ण नहीं होने पर 7 मई को जिलाधिकारी आवास तक विशाल पद यात्रा निकालने का भी ऐलान किया है। सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से मुलाकात की और करीब 700 महिलाओं के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन प्रेषित कर जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुए समझौते को लागू कराकर सभी 28 मजदूरों की सवैतनिक कार्यबहाली कराने और वेतन वृद्धि करने की मांग की ।महिलाओं ने आरोप लगाया कि एडीएम एसपी और एएलसी जैसे जिला स्तर के बड़े बड़े अधिकारियों की मध्यस्थता हुवे उक्त समझौते पर इंटरार्क कंपनी प्रबंधन सरेआम कालिख पोत रहा है ।फिर भी जिला प्रशासन मौन है। इंटरार्क यूनियन की याचिका पर उच्च न्यायालय उत्तराखंड द्वारा जुलाई 2020 में दिए आदेश में मजदूरों का उत्तराखंड राज्य से बाहर ट्रांसफर करने पर रोक लगाई हुई है ।उत्तराखंड राज्य के मॉडल स्टैंडिंग ऑर्डर और इंटरार्क कंपनी के प्रमाणित स्थायी आदेश में भी मजदूरों के उत्तराखंड राज्य से बाहर ट्रांसफर करना प्रतिबंधित है ।इसके पश्चात भी कंपनी प्रबंधन द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)

## पीडीपीएल मजदूर यूनियन का धरना जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर पीडीपीएल मजदूर यूनियन ने 11 वें दिन धरना देते हुए कंपनी गेट के आगे मजदूर दिवस मनाया



और निकाले गए 41 मजदूरों को काम पर रखने की मांग की। इस दौरान मजदूरों को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष प्रकाश सिंह चिलवाल (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरदार पन्नू समेत दर्जनों लोग भाजपा में शामिल

काशीपुर/जसपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर क्षेत्र में परिवर्तन की लहर साफ दिखाई देने लगी है। क्षेत्र में जनता का गैर भाजपा जहां से



मोहभंग होने लगा है। इसी क्रम में कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा। पन्नू फार्म निवासी सरदार जगरूप सिंह पन्नू सहित करीब चार दर्जन लोगों ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कर केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामा। इस दौरान जसपुर के पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र (शेष पृष्ठ सात पर)

## डिप्लोमा फार्मेसिस्टों का कार्य बहिष्कार शुरू



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तराखण्ड के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर आज अपनी मांगों को लेकर राजकीय चिकित्सालयों में कार्यरत सभी फार्मेसिस्टो ने आज से आगामी छ: मई तक प्रतिदिन प्रात: आठ बजे से दस बजे तक दो घंटे का कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया।इस दौरान आंदोलित फार्मेसिस्टों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी भी की। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल ने बताया कि आन्दोलन के तृतीय चरण में आज 1 मई से 6 मई तक पूरे प्रदेश के फार्मेसिस्ट प्रात: 8 बजे से 2 घंटे का 10 बजे तक कार्य बहिष्कार करेंगे। उन्होंने बताया आन्दोलन के चौथे चरण में 8 मई से महानिदेशालय पर प्रत्येक जनपद के 5-5 सदस्य क्रमिक अनशन करेंगे। नौ मई को जनपद उधमसिंह नगर के फार्मेसिस्ट महानिदेशालय पर धरने व क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। उन्होंने बताया इसके उपरान्त भी मांगों का समाधान न होने पर पंचम चरण में स्वास्थ्य मशविदेशालय पर 15 मई को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मांगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि संघ की प्रमुख मांगो में, आई पी एच एस मानकों में संशोधन कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो दोस्तों पर तमंचे की बट और हथियारों से हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि मौहल्ला खेड़ा में मोमो खाने आये दो दोस्तों पर पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने तमंचे की बट तथा धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप सें घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। ओमवीर यादव पुत्र स्व. विरेन्द्र यादव निवासी प्रीत विहार कालोनी रूद्रपुर ने कहा है कि उसके गाँव का लड़का नरेन्द्र खेड़ा मस्जिद के पास मोमो की ठेली लगाता है। वह अपने दोस्त विकेश यादव 29 अप्रैल को रात्रि मोमो खाने गया (शेष पृष्ठ सात पर)

# जसपुर और काशीपुर में पेयजल योजनाओं का लोकार्पण

काशीपुर/जसपुर(उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवम पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत काशीपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत पैगा-बधलेवाला ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण कार्य एवं जसपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत गणेशपुर ग्राम समूह पेयजल योजना का का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योजना के निर्माण से पैगा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत सम्मिलित पैगा एवं बधेलेवाला राजस्व ग्राम की लगभग 7531 जनसंख्या (लगभग 1040 परिवार ) लाभान्वित हो रहे है एवं 55 लीटर प्रतिव्यक्ति प्रति दिन मानक दर से शुद्ध पाईड पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में योजना की ट्रायल एवं टेस्टिंग के दौरान ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति की जा रही हैं।उन्होंने कहा कि योजना की पूर्ण होने से हर घर पेयजल की आपूर्ति आसानी से उपलब्ध होगी, जिससे जल जनित रोगों से रोकथाम में बहुत अधिक मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि विषैले पदार्थों एवं अनावश्यक मात्रा में लवणों से युक्त पानी अनेक रोगों को जन्म देता है । बीमारियों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रदूषित पानी का ही हाथ होता है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि सरकार की ओर से लोगों का जीवन बचाने की दिशा में निरन्तर कार्य किया जा रहा है। चूँकि पेयजल ही जीवन का आधार है। इस वजह से सरकार पेयजल की शुद्धता पर विशेष ध्यान दे रही है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम में 90:10 ( केन्द्रांश : राज्यांश) के अनुपात में धनराशि की व्यवस्था की गयी है जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्यत: पेयजल एवं ग्रे वाटर मैनेजमेन्ट आदि के कार्य होने है, जिन पर इस योजना के अन्तर्गत विशेष ध्यान दिया गया है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत राजस्व ग्राम






पैगा एवं बघेलेवाला हेतु पैगा ग्राम समूह पेयजल योजना स्वीकृत लागत रू0 690.31 लाख ( 18% जी०एस०टी० उपरान्त संशोधित लागत रू० 722. 36 लाख) का निर्माण कार्य किया गया है। उक्त योजना के अन्तर्गत एक नग 350 के. एल./ 21 मी. स्टेजिंग उच्च जलाशय, वितरण प्रणाली 90 एम.एम. व्यास से 200 एम. एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पी. 100 पी. एन 633000 मी० राईजिंग मेन (पाईप लाईन) 100एम.एम. व्यास डी.आई. के. 9 18.50 मी० एफ.एच.टी. सी-1040 नग, 01 नग नलकूप एवं 01 नग पम्प हाउस आदि निर्माण कार्य मय सामग्री, टेस्टिंग / कमीशनिंग आदि का निर्माण कार्य किये गये है। विकासखण्ड काशीपुर में पैगा ग्राम समूह पेयजल योजना द्वारा उच्च जलाशय, नलकूप / पम्प हाउस आदि के लिये भूमि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पैगा द्वारा उपलब्ध करा दी गयी थी, उक्त भूमि पर उच्च जलाशय एवं पम्प हाउस इत्यादि कार्य पूर्ण करा दिये गये हैं एवं सम्मिलित ग्रामो में पैगा एवं बघेलेवाला में वितरण प्रणाली एवं एफ.एच.टी.सी. क्रियाशील पेयजल संयोजन आदि सम्बन्धी कार्य पूर्ण करा दिये गये है। योजना का निर्माण 17 माह में पूर्ण कर लिया गया है। जसपुर में केन्द्रीय मंत्री भट्ट ने कहा कि योजना के निर्माण से विकासखण्ड जसपुर की गणेशपुर सोलर पम्पिंग ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत सम्मिलित गणेशपुर एवं केशरीपुर राजस्व ग्राम की लगभग 734 जनसंख्या (लगभग 180 परिवार) लाभान्वित हो गये है एवं 55 लीटर प्रतिव्यक्ति प्रति दिन मानक दर से शुद्ध पाईप्ड पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है जोकि बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है और वर्तमान में योजना की ट्रायल एवं टेस्टिंग के दौरान पेयजल आपूर्ति की जा रही है । विकासखण्ड जसपुर मे गणेशपुर ग्राम समूह पेयजल योजना द्वारा उच्च जलाशय, नलकूप/पम्प हाउस आदि के लिये ग्राम पंचायत गणेशपुर द्वारा उपलब्ध करा दी गयी थी, उक्त भूमि पर उच्च जलाशय एवं पम्प हाउस इत्यादि कार्य पूर्ण कर दिये गये है एवं सम्मिलित ग्रामो में गणेशपुर एवं केशरीपुर में वितरण प्रणाली एवं एफ.एच. टी.सी. क्रियाशील पेयजल संयोजन आदि सम्बन्धी कार्य पूर्ण है। योजना का निर्माण 21 माह में पूर्ण कर लिया गया है ।

# मेयर ने किया स्वालम्बन कनेक्ट केंद्र का शुभारंभ

## सूक्ष्म,लघु एवम मध्यम उद्यम होंगे स्थापित,मिलेगा रोजगार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के स्वालम्वन कनेक्ट केंद्र का रविवार को ट्रांजिट कैम्प वार्ड नंबर तीन में विधिवत शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि महापौर रामपाल सिंह ने फीता काटकर इस केन्द्र का शुभारंभ किया।बता दें संस्था जीवंतिका एंटरप्राइजेज को सिडबी द्वारा उधम सिंह नगर के युवक युवती व महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए एससीके के रूप में चयनित किया गया है। जिसका उद्देश्य सपूर्ण भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम स्थापित कर जिले के आम मानस को स्वरोजगार एवं उधमशीलता से जोड़ना हैं। इस योजना के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने एक्सेस लाइवलीहुड के साथ मिलकर भारत के प्रथम चरण में 100 जिलों का चयन किया गया है। जहां स्वालम्वन कनेक्ट केंद्र की स्थापना की जानी है। इन 100 जिलों में एक प्रमुख जिला उधम सिंह नगर भी हैं। जिला सेंटर रूद्रपुर में स्थापित किया गया है। इस केंद्र के माध्यम से उधम सिंह नगर के समस्त युवाओं और महिलाओं को अपना व्यापार, व्यवसाय सेवा कार्य प्रारंभ करना है उनको समस्त योजनाओं की जानकारी उनकी काउंसलिंग कर दस्तावेजों की समीक्षा कर तैयार कर तथा योजनाओ के अंतर्गत क्या लाभ



मिल सकता है , इसकी पूरी जानकारी देना और उनको प्रशिक्षण देना, स्वरोजगार के लिए लोन की प्रक्रिया पूर्ण करके उद्योग स्थापित करने में मदद करते हुए उनका साथ देना यही स्वालम्वन केंद्र का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि स्वालम्वन कनेक्ट केंद्र जिले में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्म निर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार बेरोजगारी कम करने और पलायन रोकने के लिए लगातार काम कर रही है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलायी है। जिनका युवाओं को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती जनसंख्या के चलते सभी को सरकारी नौकरी मिलना संभव नहीं हैं ऐसे में युवाओं को स्वरोजगार अपनाकर दूसरों को भी रोजगार देने के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता, वॉर्ड न 03 के पार्षद विधान राय, मानस बैरागी,शंकर विश्वास, शुभम दास, अंकित दास, सुबीर वंदना दास, सुकुमार, आदि लोग उपस्थित थे।

# जेसीआई के सीनियर मेंबर एसोसिएशन में रूद्रपुर के अरुण अग्रवाल एवं हरबीर चौधरी बने सदस्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जूनियर चैंबर इंटरनेशनल के वरिष्ठ सदस्य संघ का अभुदय नाम से बरेली के एक होटल में गठन किया गया। जिसकी जोन चेयरमैन के रूप में जेसी राजेश शर्मा द्वारा शपथ ग्रहण की गई। अभी तक सीनियर सदस्य संघ का कार्यभार मंडल अध्यक्ष मंडल 2 के अभिनव गुप्ता के पास था जिन्होंने विधिवत अपना कॉलर व हेमा जोन चेयरमैन जैसी राजेश शर्मा को सौंपते हुए वरिष्ठ सदस्य संघ का विधिवत अभुदय किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य संघ का कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें जॉन उपाधि उप चेयरमैन जेसी सुधांशु अग्रवाल एवं जॉन सचिव जैसी तरुण सक्सेना नियुक्ति हुईं। इस अवसर पर विभिन्न शहरों से आए 50 से भी अधिक सदस्यों की उपस्थिति में वरिष्ठ मंडल सदस्य संघ का शुभारंभ अबुजा शीर्षक के अंतर्गत किया गया। संगठन में रूद्रपुर के अरूण अग्रवाल और हरबीर चौधरी को भी सदस्य बनाया गया। सदस्यों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंडलाअध्यक्ष जेसी तरुण सक्सेना, जेसी किशन गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य जेसी बद्री खंडेलवाल, जेसी कल्पना पांडे, जेसी उपस्थित थी। उक्त कार्यक्रम में रायबरेली से जेसी सर्वेश श्रीवास्तव, जेसी गौरव जैन, जेसी अनुराग मिश्रा,




जेसी संजय आनंद, जेसी सेनेटर अरुण अग्रवाल, जेसी सेनेटर सुधांशु गुप्ता समेत अनेक जेसी सदस्य एवं महिला जेसी सुशील घई, जेसी जितेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन जैसी राजीव सिंघल द्वारा किया गया।

# रूद्रपुर का शातिर अपराधी स्मैक समेत किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लालकुआं पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 13.70 ग्राम स्मैक बरामद की है। बताया जा रहा कि पकड़े गए तस्कर के खिलाफ रूद्रपुर के रम्पुरा थाने में हत्या का प्रयास महिला यौन उत्पीड़न सहित कई मुकदमे दर्ज भी दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि लालकुआं कोतवाल डीआर वर्मा



के नेतृत्व में एसआई त्रिभुवन सिंह, कांस्टेबल चंद्र शेखर व संदीप राय क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान टीम को स्कूटी संख्या यूके 06 बीएफ 3979 आती दिखाई दी। संदेह होने पर टीम ने उसे रोककर चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता धर्मेंद्र कोहली उर्फ टोनी पुत्र ओम प्रकाश निवासी वार्ड नंबर 23 रम्पुरा थाना रुद्रपुर यूएसनगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 13.70 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर टोनी शातिर अपराधी है। इसके खिलाफ रम्पुरा थाने में मारपीट सहित हत्या का प्रयास व महिला यौन उत्पीड़न के मामले दर्ज है। एसएसपी पंकज भट्ट ने टीम को 5 हजार रूपये ईनाम देने की घोषणा की है।

# बाल सत्संग कैंप में बच्चों को प्रभु से जोड़ने के लिए किया प्रेरित

रुद्रपुर(उदसंवाददाता)।बाल सत्संग कैंप में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को प्रभु से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।यह कैंप आर आर क्वार्टर स्थित कृपाल आश्रम में आयोजित किया गया।बाल कैंप का उद्घाटन कमेटी में ध्यान अभ्यास केंद्रित खेलों जैसे ध्यान अभ्यास, डायरी और शाकाहारी जीवन और बाल सत्संग के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।कैंप में 3 से 9 बर्ष और 10 से 17 बर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए 'रूहानी उड़ान 2023 में' थीम पर , सत्य मार्ग पर चलने के लिए करे।बाल सत्संग कि जोनल।कोर्डिनेटर श्रीमति सुषमा लूथरा ने कहा कि हम सब प्रभु को पा सकते है,लेकिन उसके लिए जरूरी है कि मन में जज्बा हो। इसके अलावा कैंप में सांस्कृतिक और खेल कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम का संचालन पुनीत लूथरा ने किया जबकि एकता चोपड़ा, शिखा आहूजा,सविता सुखीजा, पुष्पा सिंह,रीता सिंह,जसपाल धमीजा, कृपाल आश्रम रुद्रपुर के अध्यक्ष जनक राज घई,सचिव परवीन आहूजा,कोषाध्यक्ष राजेश





अध्यक्ष जनक राज घई,सचिव प्रवीन आहूजा,कोषाध्यक्ष राजेश साहनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया ।कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और स्वागत गीत के माध्यम से की गई। कैंप आयोजित कार्यशाला में बच्चों को प्रभु से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को समझाया गया कि यह शरीर प्रभु ने उपहार स्वरूप दिया है,इसलिए इसका उपयोग प्रभु को पाने,मानव जीवन की भलाई तथा विजेता ,उपविजेता बच्चों को पुरुस्कृत किया गया।बाल कैंप में रुद्रपुर,किच्छा, बिलासपुर,काशीपुर, गदरपुर,बाजपुर और जसाई नगर आश्रम के करीब 190 बच्चों तथा 15 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। साहनी,कमेटी सदस्य खुशनंदन सिंह,खेमकरण,दिनेश सिंह,अनुज गंगवार,सुधीर आहूजा,बिट्टू घीक, विक्रम सिंह, छत्र पाल, वेद राम, सहित अनेक सेवादार मौजूद रहे।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# अजय भट्ट के जन्मदिन पर विद्यालय में हुई पूजा अर्चना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के आगमन पर भव्य स्वागत कर उनके जन्मदिवस के उपलक्ष में विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में पावन एकादशी तिथि पर प्राचार्य मनोज कुमार पाण्डेय के सानिध्य में विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंत्रों तथा स्वस्ति वाचन के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर उनके दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम के पश्चात रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा विद्यालय की व्यवस्था एवं कक्षाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विद्यालय की उचित व्यवस्था को देखते हुए विद्यालय प्रबन्धन एवं विद्यार्थियों को उनके स्वर्णिम भविष्य का आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु सांसद निधि से दो लाख रुपये तथा भविष्य में अन्य प्रकार की सहायता प्रदान करने का वचन दिया। कार्यक्रम के पश्चात उनके जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय की ओर से पुष्प गुच्छ एवं शाल ओढा कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डाक्टर संजय सुनाल, अशोक वार्ष्णेय, प्रबन्धक घनानंद जोशी, नवीन वर्मा, हरीशचंद्र बेलवाल, मनोज कुमार पाण्डेय, डाक्टर नारायण दत्त थुवाल, कृष्णचन्द्र पाण्डेय, जानकी त्रिपाठी, रजनी बेलवाल, दीपचन्द्र जोशी, साकेत पाठक, डाक्टर मोहित जोशी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मन की बात से देश में आया परिवर्तन: शर्मा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने देव होम सोसायटी वार्ड नंबर 16 में बूथ संख्या 142 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100 वा एपिसोड सुना। इस दौरान वहाँ उपस्थित भीमताल विधानसभा के निवासी एवं किच्छा में कार्य कर रहे खीमानंद पांडेय जो कि नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को 2014 से सुन रहे है को सम्मानित किया गया।मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम से देश मे क्रांतिकारी परिवर्तन आये है। यह कार्यक्रम आज पूरी दुनिया मे लोकप्रिय हो चुका है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम से आम आदमी से लेकर हर वर्ग को जोड़ा है। हमेशा से ही मन की बात कार्यक्रम के द्वारा प्रधानमंत्री ने देश और दुनिया की संस्कृति और परंपराओं से हमें अवगत कराया हैं। उन्होंने कभी भी इस कार्यक्रम का प्रयोग राजनीतिक फायदे के लिए नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ प्रधानमंत्री के मन की बात नहीं, बल्कि जन-जन की बात है और इसके सुनने के बाद सामाजिक रूप से देश में काफी परिवर्तन देखने को मिला भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कही गई बातें हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है और उसे जीवन में उतरने की कोशिश करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न् सामाजिक विषयों पर मन की बात में अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करते हैं। यही कारण है कि यह कार्यक्रम देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बहुत लोकप्रिय हो चुका है। श्री शर्मा ने कहा पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कार्य किए हैं वह कार्य आज तक कोई भी प्रधानमंत्री नहीं कर सका।इस अवसर पर सचिव देव होम सोसाइटी के सचिन शर्मा,पार्षद प्रमोद शर्मा, नगर मंत्री अमन विर्क, मोर सिंह यादव, सुभाष विश्वास, बूथ अध्यक्ष प्रवीण कुमार, धीरज गुप्ता, हरीश पांडे, पुष्कर परिहार, लक्ष्मण सिंह डांगी, सीबी रियाल, अजय चौहान, योगेश पाल, डीएन बलोदी, पंकज तिवारी, दीपक मिश्रा, त्रिभुवन शर्मा, सहयोग राज सिंह, अनिल भट्ट, दुष्यंत खेतवाल, स्वाति शर्मा, अलका घड़ियाल, राजू चौहान, सुनील तिवारी, नितिन कौशिक, विपिन गंगवार, अरुण चौधरी, निहाल टम्टा, ललित गंगवार, संजय योगी, प्रदीप दुबे, आरपी साहू आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।



# एसएस पब्लिक स्कूल में मनाया श्रमिक दिवस

गदरपुर (उद संवाददाता)। एसएस पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस के अवसर पर विद्यालय के एम0डी0 डी0 पी0 सिंह ने सभी कर्मचारियों को श्रमिक दिवस की बधाई दी एवं उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो की सराहना के साथ सभी को आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने सभी कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया एवं उनके सहयोग एवं कार्यों के लिए कहा कि कर्मचारियों के बिना कोई भी कार्य संभव नही होता है एवं विद्यालय परिवार की ओर से उनके कार्यो के लिए बढ़ाई के साथ साथ भी सराहना की ।



# बीए तृतीय सेमेस्टर के परीक्षाफल में छात्राएँ अव्वल

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा विगत दिवस में घोषित परीक्षाफल में श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानकमत्ता साहिब का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विषय सेमेस्टर में अध्ययनरत बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र- छात्राओं का परीक्षाफल घोषित हुआ है, जिसमें बीए तृतीय सेमेस्टर में प्रेरणा राणा 80% अंकों के साथ प्रथम स्थान, नीतू माझी ने 78.4% अंकों के साथ द्वितीय स्थान व कमला भट्ट ने 76.8% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीता मेहता ने बताया कि बीए तृतीय सेमेस्टर में 180 में से 112 छात्र-किछात्राएँ प्रथम श्रेणी तथा 68 छात्र-छात्राएँ द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। इस मौके पर महाविद्यालय संरक्षक बाबा तरसेम सिंह बीएड विभागअध्यक्ष डॉ. इंदु बाला, अमृतपाल कौर, डॉ. मनिंदर सिंह गुलाटी तथा समस्त शिक्षकगणों ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# अजय भट्ट का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

शक्तिफाम(उद संवाददाता)।नगर के प्राथमिक विद्यालय में लोकसभा सांसद अजय भट्ट के जन्मदिन के अवसर पर शक्तिफार्म मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर एवं प्राइमरी स्कूल में फल वितरण कर मनाया गया। सभा को सम्बोधित करते हुये सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय ने भारतीय जनता पार्टी के यजस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,उत्तराखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व सांसदअजय भट्ट ,कैबिनेट मंत्री व सितारगंज विधायक सौरव बहुगुणा द्वारा कराये गये विकास कार्यो को गिनाकर हर एक कार्यकर्ता को निष्ठा के साथ जानता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, जिला महामंत्री युवा मोर्चा मयंक अग्रवाल, संजय बाछाड,मंडी समिति उपाध्यक्ष रविन्द्र विश्वास,मनोज सरकार, सुवीर सरकार,राघव सिंह, मीनाक्षी विश्वास, विक्रम भंडारी,लिलिमा मजूमदार, उपेंद्र सिंह, कृष्ण पद मंडल आदि मौजुद थे।



# सीजेआई के फैसले की हुई तारीफ

## उत्तराखंड के दिव्यांग उम्मीदवार धनंजय कुमार को मिली उत्तराखंड प्रशासनिक सेवा की परीक्षा के लिए एक लेखक की सुविधा देने की अनुमति, केंद्रीय कानून मंत्री रिज्जू ने टवीट कर की फैसले की सराहना

देहरादून। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के एक फैसले की जमकर तारीफ हो रही है जिसमें उन्होंने दिव्यांग याचिकाकर्ता को बड़ राहत देते हुए परीक्षा में लेखक ले जाने की सुविधा देने की अनुमति दी है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रविवार को केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने टिवीट करते हुए लिखा है कि एक व्यक्ति को बीमारी की वजह से लिखने में तकलीफ थी, इस पर युवक ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उत्तराखंड प्रशासनिक सेवा की परीक्षा के लिए एक लेखक ले जाने की इजाजत देने की अपील की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है ,उसे लेकर केंद्रीय कानून मंत्री ने मुख्य न्यायाधीश की तारीफ की। सोशल मीडिया पर किरेन रिजिजू ने एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है कि यह माननीय जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने दिल को छू लेने वाली कार्रवाई की है। उत्तराखंड के न्यायिक सेवा की परीक्षा में एक दिव्यांग उम्मीदवार को लेखक की सुविधा देकर उसे बड़ी राहत दी है। एम्स ने उसके दिव्यांगता के सर्टिफिकेट दिया था जिस पर जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर न्याय मिलना बेहद संतोषजनक है। बता दें कि उत्तराखंड के उम्मीदवार धनंजय कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर परीक्षा के लिए लेखक ले जाने की इजाजत देने की मांग की थी। याचिका में बताया गया कि उत्तराखंड पब्लिक सर्विस कमीशन ने उसकी मांग को खारिज कर दिया है। जिसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। याचिकाकर्ता ने याचिका के साथ एम्स अस्पताल द्वारा जारी सर्टिफिकेट भी पेश किया, जिसमें उसकी बीमारी और लिख ना पाने की समस्या की पुष्टि की गई थी। मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा वाली पीठ ने उत्तराखंड पब्लिक सर्विस कमीशन और उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और साथ ही याचिकाकर्ता को परीक्षा में लेखक ले जाने की अनुमति दे दी है। याचिकाकर्ता के वकील ने फैसले की तारीफ करते हुए ट्वीट किया कि हमने शाम में साढ़े ग्यारह बजे रिट पिटीशन दायर की थी। जिसका डायरी नंबर सुबह सवा दस बजे मिला। सुबह साढ़े दस बजे उसे मुख्य न्यायाधीश के सामने पेश किया गया। मुख्य न्यायाधीश ने मामले पर सुनवाई की और उसी दिन अंतरिम आदेश पारित कर दिया। मुख्य न्यायाधीश के इस विवेकपूर्ण कदम से जनता का न्यायपालिका में विश्वास कायम रहेगा। इसी ट्वीट पर केंद्रीय कानून मंत्री ने रिप्लाई किया। गौरतलब है कि कानून मंत्री की मुख्य न्यायाधीश को लेकर यह तारीफ ऐसे समय सामने आई है, जब सरकार और न्यायपालिका में कॉलेजियम सिस्टम को लेकर सियासी मतभेद खुलकर सामने आ चुके हैं।



# स्कूली बच्चों ने भी सुना 'मन की बात' का 100वां ऐपिसोड

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण का रविवार को जनपद के विद्यालयों तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने को लेकर स्कूली छात्रों व आम जनता में भी उत्साह नजर आया। जनपद में केंद्रीय रक्षा एवम पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने जसपुर बाजार में आयोजित मन की बात को सुना, जिसमे लगभग दो हजार व्यक्ति मोजूद रहे। पीएम के मन की बात को जनपद के विद्यालयों के 46113 विद्यार्थियों द्वारा सुना गया, जिसकी व्यवस्था विद्यालयों में ही की गई थी। जिसमे टेलीविजन के माध्यम से 7271, रेडियो के माध्यम से 289, वर्चुअल क्लास के माध्यम से 2703, स्मार्ट क्लास के माध्यम से 9622, कंप्यूटर लैपटॉप के माध्यम से 7569, मोबाइल के माध्यम से 18659 के माध्यम से प्रधानमंत्री जी की मन की बात को सुना। इसके साथ ही प्रशासनिक अमले के अधिकारी व शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकों आदि के द्वारा भी सुना गया।




उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि उत्तराखण्ड
G20 भारत 2023 INDIA
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
यमुनोत्री
गंगोत्री
केदारनाथ
बद्रीनाथ
चारधाम यात्रा में
पधारने वाले सभी श्रद्धालुओं
का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

"चारधाम यात्रा के दौरान देवभूमि आने वाले श्रद्धालुओं खास तौर पर बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों की सुविधा के दृष्टिगत सरकार द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। हमारी सरकार आपकी यात्रा को सुखद, सुगम और पर्यटक के अनुभव को यादगार बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा विकास के लिए हर संभव प्रयास करना। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## महत्वपूर्ण सूचना

- पंजीकरण करते हुए कृपया सही मोबाइल नंबर प्रदान करें
- सभी तीर्थयात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा शुरु करने से पहले अपनी चिकित्सकीय जांच कराएं
- क्षेत्र और जलवायु के साथ खुद को ढालने के लिए अपनी यात्रा की योजना बनाएं
- greencard.uk.gov.in पर अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाएं

## पंजीकरण के लिए

registrationandtouristcare.uk.gov.in

+91-8394833833
(Type 'yatra' on WhatsApp)

Toll Free number 0135 1364


Download the App:
touristcareuttarakhand

**पंच केदार** — केदारनाथ | तुंगनाथ | रुद्रनाथ | मध्यमहेश्वर | कल्पेश्वर

**पंच बद्री** — बद्रीनाथ/विशाल बद्री | योगध्यान बद्री | भविष्य बद्री | वृद्ध बद्री | आदि बद्री

**पंच प्रयाग** — विष्णुप्रयाग | नंदप्रयाग | कर्णप्रयाग | रुद्रप्रयाग | देवप्रयाग

## मानसखण्ड मंदिर माला मिशन



मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चारधाम की तर्ज पर मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के प्रथम चरण में कुमाऊं के 16 मंदिरों को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है।

### मानसखण्ड मंदिर माला के अंतर्गत आने वाले प्रथम चरण के पौराणिक मंदिर

जागेश्वर महादेव | चितई गोलज्यू मंदिर | सूर्यदेव मंदिर कटारमल | कसारदेवी मंदिर | नंदा देवी मंदिर | पाताल भुवनेश्वर गंगोलीहाट | हाटकालिका मंदिर गंगोलीहाट | बागनाथ महादेव बागनाथ | बैजनाथ मंदिर | पाताल रुद्रेश्वर गुफा | पूर्णागिरी मंदिर | देवीधुरा | बाराहीदेवी मंदिर | बालेश्वर मंदिर | नैनादेवी मंदिर | कैंची धाम मंदिर | चैती बाल सुंदरी मंदिर

देवभूमि के पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों से साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की जाती है। कचरा केवल कूड़ेदान में डालें। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। जिम्मेदार बनें, स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण के संरक्षण में योगदान दें। सभी तीर्थयात्री और पर्यटक, स्वच्छता के मानदंडों का पालन करें और आस्था को नया आयाम दें।

हेलीकॉप्टर/ अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं

**www.heliyatra.irctc.co.in**

आईआरसीटीसी हेल्पलाइन नं० 1800110139
07556698100 | 07554090400

## पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की शुरुआत की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को वन डिस्ट्रिक्ट टू प्रोडक्ट के रूप में आगे बढ़ाया है। बद्रीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।



**उत्तराखण्ड पर्यटन टोल फ्री नं० : 1364 फोन नं० 0135 3520100**

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## नफरती भाषण

शीर्ष अदालत ने घृणा फैलाने वाले भाषण के मामलों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। राजनीति का मुद्दा बनाने या अन्य किसी भी माध्यम से भाषणों के जरिए नफरत फैलाने वाली गतिविधियों पर सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी कई बार हिदायत दी है और इस पर लगाम लगाने के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में पूछा है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि न तो सरकार, राजनीतिक दलों, टीवी मीडिया और समूचे तंत्र को इस पर गौर करना जरूरी लगा और न ही इसके गंभीर नतीजों के खतरे को समझा गया।इस मसले पर एक तरह से गंभीर उदासीनता और उपेक्षा जैसे हालात के बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने जो सख्त रुख अख्तियार किया है, वह बिल्कुल स्वाभाविक है और एक तरह से इस समस्या का ठोस हल निकालने की हिदायत है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को घृणा फैलाने वाले भाषण के मामलों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अदालत ने साफ कहा कि जब भी कोई नफरत फैलाने के मकसद से भाषण देता है तो बिना किसी शिकायत के स्वत: संज्ञान लेकर उस मामले में प्राथमिकी दर्ज किया जाए; अगर घृणा भाषण से जुड़े मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी हुई तो उसे अदालत की अवमानना माना जाएगा।इस सख्त निर्देश से पहले सुप्रीम कोर्ट ने कई बार सरकारों, राजनीतिक पार्टियों और इसे बढ़ावा देने वाले टीवी चौनलों को चेताया था कि इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। इसी क्रम में अदालत ने पिछले साल अक्तूबर में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। लेकिन जैसा कि जाहिर है, यह केवल कुछ राज्यों तक सीमित समस्या नहीं रह गई है। शायद यही वजह है कि अब सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने आदेश का दायरा बढ़ाते हुए देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को ये निर्देश दिए हैं कि घृणा भाषणों के प्रति किसी भी स्तर पर नरमी न बरती जाए। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में कार्रवाई करते हुए इस बात की परवाह करने की जरूरत नहीं है कि नफरत फैलाने वाले भाषण देने वाले का धर्म क्या है। कई बार जब इस तरह के मामले सामने आते हैं तो उसमें कई बार धार्मिक पहचान का मामला कार्रवाई को प्रभावित करने लगता है। इसलिए अदालत की इस चिंता को समझा जा सकता है कि हम धर्म के नाम पर कहां पहुंच गए हैं, यह बेहद दुखद है। दरअसल, कभी इक्का-दुक्का उदाहरणों में सिमटे रहने वाली यह समस्या पिछले कुछ समय से कई स्तर पर चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। सच यह है कि अगर इस पर रोक नहीं लगाई गई तो यह देश के लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के ताने-बाने को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि महज राजनीतिक हित साधने के लिए अगर कोई व्यक्ति या नेता नफरत के बोल के जरिए लोगों को भड़काने की कोशिश करता है तो उसका मकसद अपने धर्म को बचाना नहीं, बल्कि आम लोगों की सोच-समझ को विकृत बनाना होता है। वह लोगों को भड़का कर उन्हें उन्मादी और अपनी सोच-समझ से वंचित और यहां तक कि हिंसक मानसिकता का बना देना चाहता है। जबकि सच यह है कि किसी भी समाज में लोग आमतौर पर शांति और सद्भाव से जीना चाहते हैं। सवाल है कि घृणा भाषणों के जरिए किस तरह देश या धर्म बचाने का दावा किया जाता है। अगर यह समय रहते नहीं समझा गया तो हर समुदाय और सबको इसका व्यापक नुकसान झेलना पड़ सकता है। इसलिए इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जो सख्ती दिखाई है, वह वक्त की जरूरत है और देश के लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के ढांचे को बचाने की सलाह है।

# समलैंगिक विवाह एक मानसिक बुराई


इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि अदालतों में जब लाखों प्रकरण लंबित बने रहने का रोना रोया जा रहा हो, तब देश की शीर्ष न्यायालय के न्यायमूर्तियों की पीठ एक ऐसे मुद्दे की माथापच्ची में लगी हो, जिसका वैवाहिक समानता के अधिकार से कोई सीधा वास्ता ही नहीं है। वास्तव में भारत में प्राचीन काल से चली आ रही, विवाह की जो अवधारणा है, उसके अंतर्गत एक जैविक पुरुष और जैविक स्त्री अर्थात विपरीत लिंगियों के बीच विवाह संपन्न होता है। यह मान्यता वयस्क स्त्री-पुरुष के बीच शारीरिक संबंध को सामाजिक मान्यता देती है। इस सर्वमान्य परंपरा में धर्म कर्तव्य के रूप में रति-सुख नैसार्गिक काम-भावना की तृप्ति के रूप में और इसी के प्रतिफल के रूप में जैविक संतान की प्राप्ती है। हिंदू विवाह संस्था की यह सामाजिक संरचना को बनाए रखने का व्यावहारिक और विधि-सम्मत संहिता है। अतएव कहना पड़ेगा कि भारतीय समाज और कानून लैंगिक मुद्दों पर स्पश्ट रुख रखता है। धर्म इसे केवल सामाजिक स्वीकार्यता देता है, जबकि वास्तव में यह संस्कार प्रकृति की ही एक शारीरिक अवस्था है। नृतत्वशास्त्रियों और प्राणीविदों के अनुसार विपरीत लिंगी मानव समुदाय में यौन संबंधों की शुरुआत बिना किसी सामाजिक संस्कार अथवा बिना विवाह के हुई थी। वैदिक युग में नारियों को अनेक पुरुषों से यौन संबंध बनाने की स्वतंत्रता थी। किंतु विकसित हो रही सभ्यता को एक संहिता से बांधने और संतान के जैविक पिता की निर्शिचतता को बनाए रखने की दृश्टि से उद्दालक ऋशि के पुत्र श्वेतकेतु ने चली आ रही सामाजिक स्वीकार्यता को अस्वीकार कर स्त्री-पुरुश को सात वचनों के साथ लिए सात फेरों के माध्यम से परिणय बंधन में बांधा। ये सात वचन परस्पर एक-दूसरे के प्रति समर्पित रहते हुए कर्तव्य पालन से जुड़े है। अब इस सांस्कृतिक व्यवस्था को कथित बौद्धिक ध्वस्त करने के उपक्रम में लगे हैं। विवाह टूटा तो परिवार की इकाई भी टूट जाएगी। परिवार नियंत्रण की अवधारणा को अपनाकर कौटुंबिक सामुदायिकता को तो हम पहले ही बीती सदी में समाप्त कर चुके हैं। समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के नजरिए से हिंदू विवाह अधिनियम 1955 और विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत सर्वोच्च न्यायालय में 2020 में दायर याचिकाओं पर नियमित सुनवाई प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पांच सदस्यीय पीठ में चल रही है। जबकि यह समझ से परे है कि आखिर इस गैर जरूरी और अप्राकृतिक संबंधों को वैधता देने की जल्दी में अदालत क्यों है ? जिस देश में उच्च आदर्श नैतिक मूल्यों को दुनिया अपनाने को आतुर रहते हुए अपनी सामाजिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने में लगी है, तब चंद कुलीन तबके के 'गे' और 'लैस्बियन' की अप्राकृतिक स्थिति को वैवाहिक मान्यता की तत्परता क्यों ? इस कड़ी की पहली बाधा न्यायलय भारतीय दंड संहिता की धारा-377 को अपराध के दायरे से 2018 में ही बाहर कर चुका है। हालांकि इस फैसले के समय यह दलील दी गई थी कि एक विशेष मानवीय व्यवहार को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है। इस आदेश में न तो समलैंगिक विवाह का उद्देश्य अंतर्निहित है और न ही इस आचरण को वैध बनाने की मंशा है। इसकी मान्यता केवल वयस्कों के बीच सहमति से निर्मित संबंधों को एकमत से अपराध के दायरे मुक्त करना रहा है। यह निर्णय उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीश की संवैधानिक पीठ ने सुनाया था। इस याचिका पर एक सौ से ज्यादा ऐसे लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, जिनमें विक्रम सेठ, श्याम बेनेगल, झुम्पा लाहिड़ी और कौशिक बसु जैसे बुद्धीजीवियों ने दस्तखत किए थे। जबकि दस्तखत करने वालों में ज्यादातर का समलैंगिकता से कोई वास्ता नहीं है। यह जनहित याचिका समलिंगियों को शारीरिक संबंध बनाने एवं वैवाहिक वैधता की मांग के लिए की गई है। इसे वैवाहिक समानता का अधिकार भी कहा जा रहा है। इसीलिए विशेष विवाह अधिनियम 1954 की इबारत से पति-पत्नी जैसे शब्द-युग्म को विलोपित करने की मांग के साथ दलील दी जा रही है कि 'स्पाउस' अर्थात जीवन-साथी शब्द का इस्तेमाल हो। यह शब्द समलिंगी विवाह को समानता का हक देगा। इसे व्यक्ति का मौलिक अधिकार कहा जा रहा है। जबकि मौलिक अधिकार अनुच्छेद-21 के अंतर्गत अब तक स्थापित प्रक्रिया के आधार पर समलैंगिक विवाह को मौलिक अधिकार के दायरे में संसद की स्वीकार्यता के बिना नहीं रखा जा सकता है। संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन के अधिकार की तो गारंटी देता है, लेकिन उसमें समलिंगी अर्थात अप्राकृतिक विवाह का कोई प्रावधान नहीं है। वैसे भी भारतीय परिवार की अवधारणा एक पति, एक पत्नी और इनके परस्पर समागम से उत्पन्न संतान पर आधारित है, जिसकी तुलना समलैंगिक परिवार और गोद लिए बच्चे से नहीं की जा सकती है। विवाह की यही मान्यता हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, मुस्लिम और ईसाई इत्यादि भारतीय धर्मावलंबियों में है। यही नहीं मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (यूडीएचआर) के अनुच्छेद-16 के अनुसार बालिग स्त्री-पुरुष को बिना किसी जाति, राष्ट्रीयता अथवा धार्मिक बाधाओं के बिना आपस में विवाह कर अपनी परिवारिक इकाई को अस्तित्व में लाने का अधिकार है। इन्हें विवाह के परिप्रेक्ष्य में वैवाहिक जीवन और विवाह- विच्छेद के सिलसिले में भी समानता के अधिकार हासिल हैं। अतएव न्यायालय की पीठ का बलात हस्तक्षेप विवाह के बाद स्थापित होने वाली पारिवारिक इकाई के नाजुक संतुलन को तार-तार करने वाली प्रक्रिया भी साबित हो सकती है ? भारत सरकार भी समलैंगिक विवाह के पक्ष में नहीं है। नतीजतन केंद्र सरकार ने महाधिवक्ता तुशार मेहता के जरिए शीर्ष न्यायालय से आग्रह किया है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने की मांग करने वाली याचिकाओं में उठाए गए प्रश्नों को संसद पर छोड़ देने का विचार करे। क्योंकि यह एक जटिल मूद्दा है। इसे मान्यता दी गई तो इसके समाज पर गहरे प्रभाव पड़ सकते हैं। इसके प्रभाव केवल समाज पर ही नहीं बल्कि वैवाहिक राज्य स्तरीय कानूनों पर भी पडेंगे, जो समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने के कारण एकरूपता में नहीं ढाले जा सके हैं। अनेक जनजातीय प्रथाओं को भी संवैधानिक वैधता प्राप्त है। इसलिए इस गंभीर और नाजायज माने जाने वाले विशय पर सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, सामाजिक संस्थाओं और अन्य समुदायों के बीच विचार-विमर्श के बाद निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए। विशेष विवाह कानून और अन्य राज्य सरकारों द्वारा निर्मित विवाह कानूनों के अलावा 160 ऐसे कानून हैं, जो समलैंगिक विवाह की वैधता के बाद अप्रासंगिक हो सकते हैं ? इसलिए इस विशय को संसद पर छोड़ना ही बेहतर होगा। दरअसल 400 अभिभावकों के समूह ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर अपने एलजीबीटीक्यूआइए अर्थात लेस्बियन गे, बाईसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर, पैनसेक्सुअल, टू स्प्रीट, एसेक्सुअल और अन्य बच्चों के लिए विवाह में समानता का अधिकार मांगा है। पत्र के अनुसार हम अपने जीवनकाल में अपने बच्चों के सतरंगी विवाह पर कानूनी अधिकार की इच्छापूर्ति की उम्मीद कर रहे हैं। हमारी इच्छा है कि हमारे बच्चों और उनके जीवनसाथी के संबंधों को देश में प्रचलित विशेष विवाह अधिनियम के तहत मान्यता मिले। यह याचिका 'स्वीकार द रेनबो पैरेंट्स' संस्था की ओर से दाखिल की गई है। इस इंद्रधनुषी 'स्वीकार' समूह की स्थापना भारतीय समलैंगिक बच्चों के माता-पिता ने की है। ये बच्चे गोद लिए हुए हैं। वे इन बच्चों को भी समलिंगी बनाए रखना चाहते हैं, इसलिए वैवाहिक वैधता की मांग कर रहे हैं। इस विवाह को मान्यता देना सरकार के लिए निश्चित ही एक बड़ी चुनौती है, लेकिन वह इनके मानवीय, वित्तीय और सामाजिक कल्याण से जुड़े हितों को साधने का काम कर सकती है। इनमें समलैंगिक जोड़ो को संयुक्त बैंक खाता, बीमा पॉलिसी में जीवनसाथी को नामित करने के अधिकार के साथ, इनके बच्चों के शैक्षिक प्रमाण-पत्रों में जैविक माता-पिता के स्थान पर समलिंगी अभिभावकों के नाम जोड़ने की अनुमति दे सकती है। परंतु विडंबना है कि जब ये अधिकार मिल जाएंगे, तो इनकी समलिंगी विवाह को कानूनी आधार देने की और मजबूत पृष्ठभूमि बन जाएगी। इसलिए सरकार दुविधा में है।

**-प्रमोद भार्गव लेखक/पत्रकार**

# उत्तराखंड एसटीएफ ने गुरुग्राम से दबोचा हरियाणा का ठगी का आरोपी

## ओएलएक्स पर एक आल्टो कार का विज्ञापन देकर प्रोफेसर से ठग लिए साढ़े छह लाख रुपये

देहरादून। सेना में खुद को हवलदार बताकर कार बेचने का झांसा देकर प्रोफेसर से साढ़े छह लाख रुपये की ठगी करने वाले को उत्तराखंड पुलिस की एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। वह अभिनेता सलमान खान की नई फिल्म किसी का भाई किसी की जान देखने के लिए हरियाणा के मेवात से गुरुग्राम पहुंचा था। एसटीएफ पिछले तीन महीने से ठग का पीछा कर रही थी। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि सुहील कुमार निवासी हर्रावाला यहां एक विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। बताया कि उन्होंने ओएलएक्स पर एक आल्टो कार का विज्ञापन देखा था। कार खरीदने के लिए उन्होंने उस विज्ञापन में दिए गए फोन नंबर पर संपर्क किया। फोन उठाने वाले अज्ञात व्यक्ति ने खुद का नाम गोपाल कृष्ण शिखर बताया और कहा कि वह भारतीय सेना में हवलदार के पद पर आगरा कैंट में तैनात है। दोनों के बीच कार का सौदा एक लाख, 10 हजार रुपये में हुआ। आरोपित ने सौदा पक्का करने के




लिए 25 जनवरी को आनलाइन माध्यम से पांच हजार रुपये मंगवाए। इसके बाद बीमा नवीनीकरण के लिए 16500 रुपये, कार को ट्रांसपोर्ट से भेजने के लिए 28500 रुपये अपने खाते में मंगवाए। धीरे-धीरे आरोपित की डिमांड बढ़ती गई और 26 जनवरी को कार की आरसी ट्रांसफर करने के लिए उसने 50 हजार रुपये मांगे। ठग ने इसी प्रकार अलग-अलग बहाने बनाकर प्रोफेसर से कुल साढ़े छह लाख रुपये ठग लिए और बाद में फोन बंद कर दिया। मामले में 28 जनवरी को साइबर थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जांच एसआइ कुलदीप टम्टा को सौंपी गई। एसटीएफ टीम ने आरोपित वसीम अकरम निवासी पथराली, मेवात, हरियाणा को बीते शनिवार को बादशाहपुर, गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चार मोबाइल फोन, पांच सिमकार्ड, तीन डेबिट कार्ड, दो आधार कार्ड और एक पेन कार्ड बरामद किया गया है। एसएसपी ने बताया कि साइबर ठग देशभर में कई व्यक्तियों से इसी प्रकार ठगी कर चुका है। इसके लिए उसने करीब 14 अलग-अलग फोन का इस्तेमाल किए। आरोपित के बैंक खातों में ठगी का शिकार हुए व्यक्तियों की मेहनत की कमाई जमा है। आरोपित व उसके साथियों ने सेक्सटार्शन, लोन एप, विशिंग, फर्जी कस्टमर केयर सर्विस नंबर के माध्यम से आमजन को ठगा है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वसीम ने जिस मोबाइल का इस्तेमाल ठगी के दौरान किया, उसमें उपयोग किए गए संदिग्ध नंबरों पर देशभर में दो हजार से ज्यादा शिकायतें मिली हैं। ये शिकायतें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, केरल में दर्ज की गई हैं।

# मडुंवा और यहां की संस्कृति को प्रधानमंत्री ने दी विशेष तवज्जो

बागेश्वर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 100 संस्करण पर जिले के 100 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रत्येक बूथ पर 100-100 कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने बताया कि पार्टी कार्यालय मंडलसेरा पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कहा कि मन की बात का उद्देश्य समाज में अच्छे कार्य कर रहे जनमानस के कार्यों को उजागर करना है।100 वें एपिसोड में बूथ स्तर पर अच्छा कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। मन की बात में हमारे पहाड़ी अनाज की बात करने से पहाड़ के अनाज मडुवे को एक नाम और अपनी पहचान मिली है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, विधायक सुरेश गढ़िया, पूर्व केबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, जिला महामंत्री सजंय परिहार, घनश्याम जोशी,मनोज ओली,सहित अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।वही गरुड़ मंडल में भी मंडल अध्यक्ष मंगल राणा की अध्यक्षता में मन की बात कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी की बातें सुनी।



# रविंद्र अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला नैनीताल मे रविंद्र बाली आर्य को दूसरी बार जिला महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। दायित्व मिलने पर रविन्द्र बाली ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुवे कहा कि विगत कार्यकाल की तरह नई उर्जा के साथ अनुसूचित समाज के उत्थान के लिए कार्य करूंगा। रविन्द्र बाली के मनोनयन पर जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, महामंत्री रंजन बर्गली, समीर आर्य, प्रदीप बिष्ट, अजय राजौर, संदीप कुकसाल, दिनेश आर्य, प्रताप रैकवार, प्रकाश हरबोला, संजीव कुंवर, प्रकाश आर्य, आशीष कुमार, बॉबी आर्य, हितेश शर्मा, राधेश्याम रावत, पवन बिष्ट, अनुराग अग्रवाल आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# खटीमा में 125 बूथों पर 5000 से अधिक लोगों ने सुनी मन की बात

खटीमा(उद संवाददाता)।खटीमा विधानसभा के 125 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खेतलसंडा खाम में मन की बात का 100 वां एपिसोड होने पर केक काटा गया। इधर पीलीभीत रोड में हनुमान मंदिर, अमाऊं में महिला मोर्चा, वाल्मीकि कालोनी में मन की बात का भव्य आयोजन किया गया। खेतलसंडा खाम में भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, अमाऊं में धाना भंडारी, हनुमान मंदिर में गौरव सोनकर, वाल्मीकि बस्ती में अमित कुमार पांडेय के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए गए। बूथ नंबर 6एवम 7 के कार्यकर्ताओं मन की बात सुनी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, नगर उपाध्यक्ष अनुपम शर्मा, सन्तोष अग्रवाल, ठाकुर महेंद्र सिंह ,राहुल सक्सेना, तरुण ठाकुर, नीलू गुप्ता ,कमल चौहान, ललित जोशी, डॉक्टर बाबू राम अरोड़ा, सुधीर बत्रा, अशोक तिवारी, केपी सिंह, राजू कश्यप, मनोज श्रीवास्तव ,मदनलाल ढींगरा , जानकी देवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें। इधर रेलवे कॉलोनी शक्ति केंद्र संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सोनकर बूथ अध्यक्ष मनीष राणा ,नरेंद्र कश्यप ,रोहित कुमार, नगर उपाध्यक्ष अनुपम शर्मा, दीपा उपाध्याय, करन चौहान ,मोनीश अंसारी ,विक्रम कश्यप,श्याम रोहिला , जेके सक्सेना, रोहित चौधरी, निशा मिश्रा, राधा जोशी, कुसुम, पूनम कश्यप, सीमा, रीमा धामी, सुधा चौहान, सुधा सोनकर, हरीश सागर, दीपक वाल्मीकि, नेहा रस्तोगी , आशा चौधरी राधिका आदि थे।

# जुमलेबाजी की सरकार में महंगाई से लोगों का जीना हुआ मुहाल : डसीला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला कांग्रेस ने पार्टी कार्यालय में मेरी चिट्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्यक्रम को शुरू किया। जय भारत सत्याग्रह के तहत यह आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कर रही है। संवैधानिक



संस्थाओं का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है। पार्टी कार्यालय में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मेरी चिट्ठी कार्यक्रम के तहत रोजाना एक संदेश भेजा जाएगा। जिसे पोस्टकार्ड में लिखकर प्रधानमंत्री व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को भेजा गया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है। जिला कांग्रेस कमेटी ने नौ अप्रैल से 30 अप्रैल तक जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम चलाया। कपकोट के पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि भाजपा के नेताओं ने कई मौकों पर सार्वजनिक पटल से असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया। बिना किसी आधार के विपक्षी दलों के नेताओं पर व्यक्तिगत आरोप, आपेक्ष लगाए।भाजपा देश को समृद्ध बनाने प्रत्येक व्यक्ति को 15 लाख रुपए देने का दावा कर रही थी, गरीब वर्ग अब अपने खातों में15 लाख आने,महंगाई पर रोक लगाने, प्रत्येक परिवार में एक व्यक्ति को रोजगार देने सहित आत्मनिर्भर बनाने की बात कहने वाली भाजपा सरकार में आमजनता को मात्र छलावा करने की बात कही, गैस के1दाम बढ़ने पर सड़को में उतरकर महंगी गैस होने और सरकार बनने पररसोई गैस के दामो को कम करने के दावे को भाजपा शासन में दोगुना कर दिया गया है, वही कांग्रेस को कोसने वाली भाजपा सरकार पर अब सत्ता में रहते महंगाई रोकने में नाकाम साबित हुई है, वही केंद्र और राज्य सरकार महंगाई, भृस्टाचार, वेरोजगारी रोकने के लिए मात्र जुमलेबाजी कर रही है, सड़क राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर ज्वलंत मुद्दों को डेटा के साथ प्रेषित किया गया। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, ध्वस्त कानून व्यवस्था, बेरोजगारी, महंगाई, महंगाई, सेना में रिक्त पद सीमा सुरक्षा, किसान समस्या, सामाजिक ताने बाने से छेड़छाड़ आदि समस्यओं की ओर सत्तासीनों का ध्यान मेरी चिट्ठी के माध्मय से आकर्षित किया जाएगा। इस मौके पर रंजीत दास,कवि जोशी,नगर अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# शिविर में लोगों की समस्याओं का हुआ निराकरण

बागेश्वर(उदसंवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राजकीय आदर्श इंटर कालेज गरुड़ में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला जज एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष राजीव कुमार खुल्बे ने किया। बहुउद्देशीय शिविर का सिविल जज सीनियर डिविजन एवं प्राधिकरण के सचिव जयेंद्र सिंह ने संचालन किया। उन्होंने लोगों को कानूनी जानकारी प्रदान की। बहुउद्देशीय शिविर में जिला समाज कल्याण अधिकारी हेम चंद्र तिवारी ने विधवा, दिव्यांग, वृद्धा पेंशन के 51 प्रमाणपत्र प्रदान किए। इसके अलावा 80 लोगों को कान की मशीन, 115 छड़ी, आठ को बैसाखी जबकि 13 लोगों को व्हील चियर वितरित की गई। राजस्व विभाग ने 25, पंचातीराज ने छह परिवार रजिस्टर की नकल, बाल विकास ने 25 महालक्ष्मी किट वितरित किए। पशुपालन विभाग ने 23 पशुपालकों को दवाइयां प्रदान की। स्वास्थ्य विभाग ने 40 लोगों का परीक्षण किया। हैड़ाखान की मेडिकल टीम ने 191 लोगों की आंखों की जांच की और 30 लोगों को आपरेशन की सलाह दी। 35 लोगों के आधार कार्ड बनाए गए। 16 लोगों को उद्योग विभाग ने योजनाओं के बारे में बताया। खाद्य



नागरिक आपूर्ति ने 16 राशन कार्ड निर्गत किए। सेवायोजन ने नौ, उद्यान ने 25 किसानों को बीज, कृषि विभाग ने 20 किसानों को उपकरण प्रदान किए। श्रम विभाग ने 15 लोगो को जानकारी दी जबकि सैनिक कल्याण ने दो लोगों को योजनाओं के बारे में बताया। शिविर में विभागों के स्टाल लगाए गए। जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का समाधान भी हुआ। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पीएलवी को पुरस्कृत किया गया।

# दो दिवसीय 3 ऑन 3 बास्केटबॉल चैंपियनशिप में डी कैंप बना विजेता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बास्केटबॉल संघ उधम सिंह नगर एवं वंदे मातरम ग्रुप द्वारा आयोजित 3 ऑन 3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता का गत दिवस समापन हुआ। जिसमे डी कैंप की टीमों ने अपने वर्ग में जीत हासिल की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज कुमार कत्याल एस पी सिटी, विशिष्ट अतिथि अवजोत सिंह प्रबंधक एजी फीड्स, भारत भूषण चुघ अध्यक्ष डिसेबल स्पोर्टिंग सोईसिटी उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नागेंद्र शर्मा ने विजेता



खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरण किया। प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला वर्ग में अंडर 16, अंडर 18 एवं सीनियर संवर्ग में खेली गई। प्रतियोगीता मे प्रदेश के विभिन्न जनपदो की 54 टीमो ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच के परिणाम में बालिका वर्ग अंडर 16 वर्ग में डी कैंप ने भारतीयम स्कूल को 12 – 04 से पराजित किया। अंडर 18 बालिका वर्ग में डी कैंप ने आरएएन बिलासपुर को 06 – 02 से हराया। अंडर 18 बालक वर्ग मे रामनगर ने रुद्रपुर को 14 – 12 से पराजित किया। ओपन महिला वर्ग देहरादून ने नैनीताल को 21 – 5 से हराया। अंडर 16 बालक वर्ग मे जेसीस रुद्रपुर और पांडवास हल्द्वानी को संयुक्त विजेता घोषित किया गया।इस अवसर पर सुरेंद्र नेगी, संजय कुमार, डॉ सौरभ अग्रवाल, मृणालीनी , किरण, करन शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में हरीश चौहान, सावन, अरुण, करन, नीरज कुमार, सार्थक रहे।

# चोरों ने दो घरों से जेवर नगदी व मोबाईल उड़ाए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने दो घरों में धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए जेवर सहित हजारों की नगदी तथा मोबाईल चोरी कर लिए। दोनो पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मलिक का बगीचा निवासी दिलशाद पुत्र शमशाद ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीती 28 अप्रैल की रात परिवारजन खाना खाने के बाद सो गए। इस बीच अज्ञात चोर घर के भीतर आ गए। प्रात: जब परिवारजन उठे तो घर का सारा सामान इधर उधर अस्त व्यस्त पड़ा था। दिलशाद का कहना है कि अज्ञात चोर घर से 12 हजार रुपये की नकदी, सोने की अंगूठी, गले की पैंडिल, नथ, कान के झुमके, चांदी के बिछुए आदि सामान चोरी कर ले गए हैं। वहीं चोरों ने दूसरी वारदात को चोरगलिया रोड में अंजाम दिया। यहां चोरों ने अरशद खान पुत्र यूसूफ खान के घर में धावा बोल कर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए घर में रखे तीन मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। चोरों ने इस वारदात को भी इतनी सफाई से अंजाम दिया कि घर के अंदर सो रहे लोगों को भनक तक नहीं लगी। दोनो मकान स्वामियों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पांच व्यक्तियों को जिलाबदर व गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट व जिला बदर की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि ऐसे अभ्यस्थ अभियुक्त जो शातिर किस्म के अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति है। जो आये दिन अवैध शराब की तस्करी ,सट्टे व जुआ की खाई बाडी ,चोरी चकारी लडाई झगडा कर अवैध रूप से धनोपार्जन करते रहते है तथा लोक शान्ति को भंग करते रहते है। इनके भय एवं आतंक के कारण जनता का कोई भी व्यक्ति इनके विरूद्ध रिपोर्ट लिखाने को तैयार नही होता है। जिनका समाज में स्वछन्द रहना समाजहित न्यायोचित प्रतीत नही हो रहा है। जिससे जनता पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। इनके विरूद्द थाना काठगोदाम में कई अभियोग पंजीकृत है। ऐसे पांच अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट तथा जिला बदर की कार्रवाई की जा रही है। इनमे अजय कुमार आर्या उर्फ गोलू पुत्र कैलाश चन्द्र आर्या निवासी मल्ला प्लाट दमुवाढुंगा, मोहित चौहान उर्फ गिल्लू पुत्र आनन्द सिंह चौहान निवासी शिवालिक बिहार फेस 02 काठगोदाम, संजू उर्फ गंजू पुत्र गणेश राम निवासी कुमाऊं कालोनी दमुवाढूगां थाना काठगोदाम, आयुब अली पुत्र हुसैन अली निवास बद्रीपुरा थाना काठगोदाम तथा शहादत हसन पुत्र वली हसन निवासी नियर रामलीला ग्राउंण्ड शीशमहल थाना काठगोदाम शामिल हैं।

## पेज एक का शेष...

**तलाक के लिये ...**पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति ए एस ओका, न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि इस अदालत के लिए हमने ऐसी व्यवस्था दी है कि किसी शादीशुदा रिश्ते में आई दरार भर नहीं पाने के आधार पर उसे खत्म कर सकते हैं। गौरतलब है, न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उसके अधिकारों के प्रयोग से संबंधित कई याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया है।

**इंटार्क श्रमिकों के समर्थन...**उत्तराखंड उच्च न्यायालय के जुलाई 2020 को दिए उक्त आदेशों को ताक पर रखकर और भारत के कानूनों का उल्लंघन कर मजदूरों का उत्तराखंड राज्य से बाहर ट्रांसफर कर मनमानी की जा रही है। जिला प्रशासन मूकदर्शक बन पीड़ित मजदूरों को ही शांति बनाए रखने की नसीहत दे रहा है । महिलाओं ने सवाल उठाया कि जिला प्रशासन उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश और भारत के उक्त कानूनों को लागू करा मजदूरों के ट्रांसफर पर आखिर रोक क्यों नहीं लगा रहा है ?क्या उत्तराखंड राज्य के उच्च न्यायालय के आदेश को लागू कराना एवं जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुवे उक्त समझौते को लागू कराना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है तो किसकी है ?महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि उत्तराखंड हाईकोर्ट के उक्त आदेश को और भारत देश के उक्त कानून को एवं जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुवे उक्त समझौते को लागू कराकर सभी 28 मजदूरों की सवैतनिक कार्यबहाली न की गई और वेतन वृद्धि न की गई तो 7 मई को महिलाओं द्वारा मजदूरों व क्षेत्र की जनता के साथ में अम्बेडकर पार्क रुद्रपुर से जिलाधिकारी आवास तक विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी और निर्णायक संघर्ष की ओर आगे बढ़ा जायेगा ।इस दौरान सुब्रत विश्वास,जोशना साहु,शोभा देवी,प्रतीमा देवी, नमिता देवी, राजकुमारी, कांति,मेघा शर्मा, नीलम वर्मा, रविन्द्र कौर प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र, संगीता देवी, नीलम, विमला देवी, गीता देवी, शीतल, पुष्पा, उमा देवी सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थीं ।

**डिप्लोमा फार्मसिस्टों...**चिकित्सालयों की आवश्यकता तथा वृहद कार्य दायित्वो के दृष्टिगत फार्मेसर के पदों में वृद्धि किये जाने, इमरजेंसी हेतु फार्मेसरों की नियुक्ति, 63 पदों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अधीन वी. आई. पी. ड्यूकी यात्रा मार्गो, मेलों आदि के प्राप्टगत क्रियाशील किये जाने, सेवानियमावली को प्रख्यापित किए जाने, फार्मेसी रेगुलेशन प्रोसीस 2015 का कडाई से पालन किए जाने, पदनाम परिवर्तन किए जाने, आदि मांगे शामिल हैं। इस दौरान कार्य बहिष्कार करने वालों में आरएस रौतेला, पीएस राणा, अनूप रावत, एससी सती, जीपी मिश्रा, एम एन गोस्वामी, सुरेश वर्मा, किशोर विश्वकर्मा, मंडलीय सचिव डीके जोशी, आरएस अधिकारी, जेएल शाह, एचसी पोखरिया, जेपी आर्य, प्रेम शंकर सिंह, एमएन गोस्वामी, मनोहर गंगवार, केसी नैनवाल, आर सी पाल, कुसुमलता, दलजीत सिंह, विकास बवाड़ी, आर एस चौहान आदि शामिल थे।

**गौ मांस तस्करी...**जल्द सीज किया जाये। इसके अलावा उत्तराखण्ड की सीमा से गौ मांस की तस्करी दूसरे राज्यों को रही है। यहां से गौ मांस लेकर गये वाहन उत्तर प्रदेश में पकड़े गये हैं जो कहीं न कहीं जनपद की पुलिस एवं गौ वंश संरक्षण स्क्वायड की शिथिलता को दर्शाता है। गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य में गौ वंश संरक्षण अधिनियम प्रभावी है जिसके तहत गौवध पर प्रतिबंध है इसके बावजूद जनपद से गौमांस की तस्करी होना बेहद दुर्भाग्यूपर्ण है। गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने एसपी सिटी से मामले में जांच कराकर दोषियों एवं गौमांस तस्करों को संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने गौमांस तस्करी नहीं रूकने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। एसपी सिटी ने कहा कि गौमांस की तस्करी की शिकायत सामने आयी है इस पर जांच कर सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। ज्ञापन देने वालों में विराट कुमार आर्य, अतुल शर्मा, रवि, चन्द्रपाल मौर्य, अभिषेक, विक्की, राजेन्द्र प्रसाद, नरेश कुमार, सन्नी आदि मौजूद थे।

**सरदार पन्नू समेत...**मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विचारधारा से प्रेरित होते हुए पन्नू फार्म निवासी सरदार जगरूप सिंह पन्नू, सतनाम सिंह पन्नू, गुरप्रीत सिंह, भूपेंद्र सिंह संधू, सुखविंदर सिंह पन्नू, जितेंद्र सिंह और जोगा सिंह सहित करीब 4 दर्जन लोगों ने भाजपा का दामन थामा। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन मंत्री अजय भट्ट की उपस्थिति में कांग्रेस से आए सभी लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई इस दौरान केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारा देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है,आज भारत सहित विभिन्न देशों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका इस कदर बजा हुआ है कि लोगों की जुबान पर सिर्फ मोदी ही विराजमान है उन्होंने कहा कि अन्य दलों में घुटन महसूस कर रहे लोग अब भाजपा का दामन थाम रहे हैं वह दिन दूर नहीं जब पूरा भारत वर्ष भाजपा मय हो जाएगा। इसी तरह काशीपुर में भी तमाम कांग्रेस व बसपा सपा के कार्यकर्ता भाजपा में जाने का मूड बना चुके है। खबर आ रही है कि जल्दी ही दर्जनों कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी अन्य दलों के पदाधिकारियों के साथ भाजपा में शामिल होंगे।

**पीडीपीएल मजदूर...**ने कहा कि 100 साल पहले अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस भारत में मनाना शुरू किया गया था। तब मजदूरों के पक्ष में कानून नहीं थे लेकिन धीरे-धीरे मजदूरों ने अपने हक अधिकारों को लड़कर हासिल किया और अपने पक्ष में कानून बनवाए। लेकिन तमाम संघर्षों के बाद बनाए हुए कानूनों को सरकार खत्म करके श्रम कोड ला रही है। श्रम कोड अभी लागू भी नहीं हुए हैं लेकिन मालिकों ने मजदूरों को हायर एंड फायर नीति के तहत निकालना शुरू कर दिया है। समाज आटोमोटिव कंपनी द्वारा पीडीपीएल के 41 वर्करों को निकालना इस बात का ताजा उदाहरण है। इस दौरान एक्टू के प्रदेश कोषाध्यक्ष और भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि जब से मोदी सरकार आई है तब से मजदूर वर्ग पर आफत आ पड़ी है। आए दिन गैरकानूनी तरीके से स्थाई मजदूरों तक को काम से निकाला जा रहा है। मजदूरों के अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए श्रम विभाग भी मजदूर वर्ग के पक्ष में काम नही कर रहे है। सितारगंज सिडकुल में स्थित जाइडस कंपनी, समाज आटोमोटिव कंपनी पंतनगर और खटीमा में कंपनी से निकाले गए मजदूर इस बात का ताजा उदाहरण है। मोदी सरकार ने 44 श्रम कानून खत्म करके चार श्रम कोड बनाए हैं जो कि मजदूर विरोधी हैं। 1886 में अमेरिका के मजदूरों ने पूरी दुनिया के मजदूरों के लिए 8 घंटे काम का नियम लड़ कर लिया था। लेकिन अब चार श्रम कोड के बहाने मोदी सरकार फिर से 12 घंटे काम का नियम ला रही है। जो कि मजदूर वर्ग को गुलामी की ओर धकेल देगा। इन चार श्रम कोड के खिलाफ लड़ाई आज मजदूर वर्ग और मजदूर दिवस की मुख्य लड़ाई बन गई है। मजदूर दिवस के अवसर पर समाज आटोमोटिव गेट के पास हुई सभा में मांग रखी गई कि 41 स्थायी वर्कर्स को पूर्ववत वापस कंपनी में रखा जाए। मजदूर दिवस के अवसर पर अरविंद वर्मा,जीवन राम ,जयप्रकाश, शैलेंद्र सिंह, गौरी शंकर, केशव प्रसाद ,धर्मेंद्र पटेल, चरण सिंह, रंजन कुमार ,ललित सिंह रावत, जगदंबिका प्रसाद ,उदय पाल सिंह, ओमप्रकाश ,श्रवण कुमार ,पुरुषोत्तम, राजेश कुमार ,जसवंत कुमार ,यशपाल ,अजीत गंगवार ,लक्ष्मण सिंह, राकेश कुमार ,सत्यपाल सहित 41 वर्कर्स उपस्थित थे।

**कार नदी में गिरी...**ललित बिष्ट ने शिप्रा नदी में गाड़ी के कुछ पार्ट्स बहते देख पुलिस को सूचना दी। एसडीआरएफ छड़ा ईकाई व खैरना पुलिस की टीम ने खोजबीन शुरू की तो कुछ दूरी पर कार दुर्घटनाग्रस्त दिखाई दी। समीप पहुंचने पर चालक भी था जिसकी मौत हो चुकी थी। कागजात देखने पर वाहन कमल कुमार वर्मा का होने का अंदेशा हुआ। खोजबीन में जुटे परिवारजनों को सूचना भेज मौके पर बुलाया गया। तब मृतक की शिनाख्त कमल के रूप में हुई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक का एक बेटा व एक बेटी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेज दिया है।

**दो दोस्तों पर...**था। तभी खेड़ा निवासी रिजवी , इजाज, बंदन व उसका भाई चंदन, इमरान, जिशान वहां आ गये और पुरानी रंजिश के चलते उन्होंने धारदार हथियारो से जान लेवा हमला कर दिया । आरोप है रिजवी व चंदन ने तंमचा की बट से दोस्त विकेश का सिर फाड दिया। दोनों बडी मुश्किल से जान बचाकर भागे वरना उक्त लोग जान से मार देते। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम मधु शर्मा (MADHU SHARMA) था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके मायरा शर्मा (MAYRA SHARMA) रख लिया है। अत: आज से मुझे हर मौके एवं विवरण में मायरा शर्मा (MAYRA SHARMA) के नाम से ही सम्बोधित किया जाये।

**मायरा शर्मा पुत्री श्री विकाश शर्मा**
निवासी कौशल्या इन्क्लेव, रूद्रपुर
जिला उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'मन की बात' का 100 वां संस्करण ऐतिहासिक क्षणः राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 100वें संस्करण की विशेष स्क्रीनिंग का कार्यक्रम राजभवन में आयोजित हुआ। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) सहित विभिन्न क्षेत्रों में जुड़ी प्रदेश की हस्तियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान केन्द्रीय संचार ब्यूरो देहरादून द्वारा राजभवन प्रांगण में मन की बात और आजादी के अमृत महोत्सव जैसे विषयों पर प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसका शुभारंभ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने किया। इसके उपरांत राज्यपाल और उपस्थित गणमान्य लोगों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 100वें एपिसोड की सभी देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मन की बात देशवासियों की अच्छाईयों का, सकारात्मकता का, एक अनोखा पर्व बन गया है। एक ऐसा पर्व जो हर महीने आता है, जिसका इंतजार हम सभी को होता है। मन की बात जिस विषय से जोड़ा वह आप सब लोगों के कारण जन आंदोलन बन गया है। मन की बात दूसरों के गुणों से सीखने का बहुत बड़ा माध्यम बन गयी है। उन्होंने कहा कि मन की बात ने मुझे इस चुनौती का समाधान दिया, सामान्य मानवी से जुड़ने का रास्ता दिया। पदभार और प्रोटोकॉल, व्यवस्था तक ही सीमित रहा और जनभाव,





कोटि-कोटि जनों के साथ, मेरे भाव, विश्व अटूट अंग बन गया। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम को स्वयं के संदर्भ में एक कार्यक्रम ही नहीं है, बल्कि एक आस्था, पूजा और व्रत बताया। उन्होंने कहा कि मन की बात में जिन लोगों का हम जिक्र करते हैं, वे सब हमारे हीरोज हैं जिन्होंने इस कार्यक्रम को जींवत बनाया है। आज जब हम 100वें एपिसोड के पड़ाव पर पहुंचे हैं, तो मेरी ये भी इच्छा है कि हम एक बार फिर इन सारे हीरोज के पास जाकर उनकी यात्रा के बारे में जानें। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का जिक्र करते हुए उनसे वार्ता की। कार्यक्रम में यूनेस्को की डीजी औद्रे ऑजुले ने 100वें एपिसोड के इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने 100वें एपिसोड के अवसर पर आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा मन की बात कार्यक्रम का 100वां संस्करण एक ऐतिहासिक क्षण है, जिसके हम सभी आज साक्षी बने हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक कार्यों में निःस्वार्थ भाव से जुटे लोगों को जन-जन की आवाज बनाया है। उन्होंने कहा कि यह एक आत्मिक जुड़ाव वाला कार्यक्रम है, जो लोगों को लोगों से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का हर संस्करण अपने आप में खास रहा है, हर बार नए उदाहरणों की नवीनता, पूरे देश के कोने-कोने और हर आयु वर्ग के लोग इस कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने कहा कि एक ऐसा पर्व जो हर महीने आता है, जिसका इंतजार हम सभी को होता है। प्रधानमंत्री जी ने रेडियो को एक नया जीवंत रूप दिया है। राज्यपाल ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में जब भी उत्तराखण्ड का जिक्र होता है तो हमें गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रमों में उत्तराखण्ड के जिन लोगों का जिक्र किया गया है वे सभी हमारे हीरोज, आइकन और ब्रांड एम्बेसडर हैं। वे सभी अन्य लोगों के लिए एक प्रेरणा के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के 100 एपिसोड में बेटियों के बारे में, मातृशक्ति बारे में और हिमालय के बारे में बात की गई है जो हमें गौरवान्वित करती है। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों को बधाई दी। इस कार्यक्रम के अवसर पर पद्म श्री प्रीतम सिंह भरतवाण, पद्म श्री डॉ. बी. के.एस संजय, पद्म श्री प्रेमचंद शर्मा, पद्मश्री श्रीमती बंसती देवी, पद्म श्री श्रीमती बसंती बिष्ट, पद्मश्री माधुरी बड़थ्वाल, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, उप महानिदेशक प्रसार भारती मनोज गुप्ता, कार्यक्रम प्रमुख तरनजीत कौर, प्रभारी पीआईबी देहरादून अनिल दत्त शर्मा, सहायक निदेशक सीबीसी संतोष आशीष सहित प्रधानमंत्री द्वारा पूर्व के मन की बात कार्यक्रम में जिन लोगों का जिक्र किया गया था, उनमें से पूरण राठौर, पूनम नौटियाल, मनोज बेंजवाल, चंपा देवी, सच्चिदानंद भारती, संतोष नेगी, गायत्री, सुरेन्द्र बगवाड़ी भी उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में खेल, शिक्षा, पर्यावरण, कृषि, उद्योग, सांस्कृतिक आदि क्षेत्रों से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## कराटे प्रतियोगिता में रूद्रपुर की टीम ने जीत 28 स्वर्ण पदक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कराटे एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के द्वारा 8वीं जिला ऊधम सिंह नगर करांटे प्रतियोगिता का आयोजन मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बीजेपी उत्तराखण्ड के






महामंत्री विकास शर्मा व कुमाऊं यूनिवर्सिटी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंन्द्र शर्मा व विशिष्ट अतिथि एन.एस.जी. कमांडो सूरज ठाकुर के द्वारा किया गया, आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को बूके देकर माल्यार्पण किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया,।प्रतियोगिता का संचालन कर रहे करांटे एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के सचिव लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में लगभग 200 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया तथा खटीमा क्षेत्र के खिलाड़ियों ने सब जूनियर वर्ग में सबसे ज्यादा 18 स्वर्ण, 8रजत, व 16 कांस्य पदक जीते, तथा जूनियर व सीनियर वर्ग 27 स्वर्ण, 14 रजत, व 22 कांस्य पदक जीते तथा जसपुर, काशीपुर क्षेत्र 6 स्वर्ण, 3 रजत, व 8 कांस्य पदक जीते हैं , प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी आगामी 5 से 7 मई 2023 को देहरादून में 20 उत्तराखण्ड राज्य करांटे प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के मध्य सूरज ठाकुर एन एस जी कमांडो व अंतर्राष्ट्रीय करांटे खिलाड़ी को मुख्य अतिथि विकास शर्मा व डॉ.नागेंन्द्र शर्मा व सभी अतिथियों ने माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । कहा कि करांटे खेल से खिलाड़ी सरकारी नौकरियां तथा सम्मानित धनराशि भी प्राप्त कर रहे हैं, जिसका उदाहरण सूरज ठाकुर हैं जिन्होंने रुद्रपुर स्टेडियम से करांटे सीखे व अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता बने तथा अब एन एस जी कमांडो हैं, सभी खिलाड़ी करांटे से अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं तथा आयोजन समिति व सचिव लक्ष्मण सिंह को बधाई दी। डॉ. नागेन्द्र शर्मा ने कहा कि ऊधम सिंह नगर रुद्रपुर के करांटे खिलाड़ियों ने अब तक राष्ट्रीय करांटे प्रतियोगिता में 22 पदक अर्जित किये हैं लगभग 35 लाख रूपये की धनराशि से उत्तराखण्ड खेल निदेशालय से सम्मानित भी हो चुके हैं जो बहुत गर्व का विषय हैं, ओर इसका श्रेय प्रशिक्षक लक्ष्मण सिंह को दिया, प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा सभी विजेताओं को बधाई दी तथा आयोजक समिति को बधाई दी साथ ही खिलाड़ियों को सूरज ठाकुर जैसा बनने हेतु प्रेरित किया। उक्त प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक लक्ष्मण सिंह, रेफरी बलवंत सिंह, योगेश चन्द्र पोखरिया, करन मण्डल, अर्जुन मण्डल, मुकेश यादव, जज में मनदीप कौर, नीलम मेहरा, सुमन बोहरा, तनुजा बुंगला, प्रांजल गिरी, गगनप्रीत सिंह रहे।

## छात्राओं को किया जागरूक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन और ग्लोबल राइजिंग फाउंडेशन ने महर्षि विद्या मंदिर में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के जरिए 60 से अधिक बालिकाओं को बुनियादी स्वास्थ्य व मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया। रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन की महिला अध्यक्ष चंद्र कला राय ने मासिक धर्म के दौरान सावधानी अपनाने वाले रहस्यों के बारे में जानकारी दी और मासिक धर्म के दौरान होने वाली समस्याएं से निजात पाने के उपाय विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बहुत



जरूरी होता है। मासिक चक्र की शुरुआत वाली उम्र में किशोरियों को सही सलाह की बहुत जरूरत होती है। माहवारी या मासिक चक्र के दौरान स्वच्छता प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिए जाने से संक्रमण का खतरा रहता है जिससे प्रजनन स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। इसलिए विशेषकर किशोरियों के अभिभावकों को भी माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूक करना जरूरी है। श्रीमती राय ने माहवारी के दौरान असुरक्षित साधनों के इस्तेमाल की जगह सुरक्षित साधन जैसे सेनेटरी पैड के शत-प्रतिशत इस्तेमाल को सुनिश्चित करना चाहिए। इस दौरान देवास ,मध्यप्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय जु जित्सू प्रतियोगिता में कांस्य पदक लाने वाली खिलाड़ी रुनु शर्मा को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीकांत पाठक,कामिनी गंगवारअर्चना,सुमन मिश्रा,सोनम सिंह,विजय आहूजा ,महेश कुशवाहा आदि मौजूद थे

# पुराने जमाने की लम्हात अभी बाकी हैं...





## बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति ने आयोजित किया कवि सम्मेलन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति की ओर से आयोजित हुआ कवि सम्मेलन में,पंकज शर्मा दिल्ली, हरीश शर्मा यमदूत मुंबई, पी के दिवाना बरेली, हरीश भदौरिया आगरा, शाहजहांपुर से अरुण प्रताप भदौरिया ,रिंकू निगम दिल्ली, मंजू जोशी हल्द्वानी, ममता नेगी, अक्षिता चमोली, नीलेश कुमार पीलीभीत ,सीमा मौर्य शैली बरेलीआर ममता वेद बाजपुर से काव्य पाठ हेतु आए, नोएडा से आए कवि पंकज शर्मा ने बेटियों सहित मानवीय संवेदना की रचना पढ़ते हुए कहा की अंधेरा मन ना जाय तो ऐसी रोशनी क्या है। मुंबई से आए हरीश शर्मा यमदूत ने हास्य व्यंग की कविता पढ़ते हुए कहा कि इंसान तो वैसे भी अब अश्लील नृत्य व गानों में मगन है। आगरा से आए हरीश भदौरिया ने कहा पुराने जमाने की लम्हात अभी बाकी हैं, शाहजहांपुर के आए अरुण प्रताप भदोरिया ने कहा कि मैं बाबूजी के जमाने का चूल्हा चक्की ढूंढ रहा हूं, दिल्ली से आए रिंकू निगम ने कहा कि जवानी में हवाला खयालात होश में रखें। कार्यक्रम का शुभारंभ बरेली से आए पीके दीवाना एवं संस्था के संस्थापक बादल बाजपुरी एवं पंकज शर्मा ने किया । बुलंदी संस्था ने इससे पहले नवंबर माह में उत्तराखंड का सबसे बड़ा धरातलीय कार्यक्रम उत्तराखंड काव्य महोत्सव रुद्रपुर शहर में आयोजित करवाया था। जिसमे देश भर से आये 300 कलमकारों ने काव्य पाठ किया था। बुलंदी संस्था ने वर्ष 2021 एवं 2022 में 207 घण्टे और 400 घण्टे अनवरत वर्च्युअल कवि सम्मेलन आयोजित करवा के दो बार विश्व रिकोर्ड बना चुकी है स जिसे इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया गया है स बुलंदी संस्था उत्तराखंड के बाजपुर से संचालित होती हैं, जिसका उद्देश्य सभी नवोदित कलमकारो को मंच प्रदान करना हैं, जिसके लिए संस्था निरंतर निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रही हैं।